# कार्यालय नगर निगम ग्रेटर जयपुर

(पण्डित दीनदयालउपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंकरोड जयपुर–15)

क्रमांकः एफ4( )/ ननिग्रेज/आई.टी./2025/ दिनांक

## कार्यालय आदेश

नगर निगम ग्रेटर जयपुर में बायोमैट्रिक मशीन से उपस्थिति दर्ज करने की प्रक्रिया संचालित की जा रही है, इसी क्रम में आदेशित किया जाता है, कार्मिकों का मासिक वेतन माह अप्रैल 2025 से बायोमैट्रिक मशीन उपस्थिति विवरण के आधार पर ही बनाया जाएगा, जिसके संबंध में दिशा–निर्देश निम्नानुसार हैः–

1. प्रत्येक माह के प्रथम दो कार्यदिवस में उपायुक्त कार्मिक एवं समस्त जोन उपायुक्तों को प्रत्येक कार्मिक का उपस्थिति विवरण आई.टी. शाखा द्वारा इलेक्ट्रोनिक/भौतिक रूप में उपलब्ध करवाया जाएगा। अतः उपायुक्त कार्मिक एवं समस्त जोन उपायुक्त अपने कार्यालय की आधिकारिक ईमेल आईडी आई.टी. शाखा को उपलब्ध करवाने का श्रम करें।
2. उपस्थिति विवरण जारी कराने से पूर्व समस्त जोन उपायुक्त, उपायुक्त कार्मिक, वार्ड प्रभारी एवं मुख्यालय शाखा प्रभारी उनके अधीनस्थ कार्मिकों के अवकाश/ फील्ड ड्यूटी का ब्यौरा संबंधित उपायुक्त द्वारा प्रमाणित कर माह के अंतिम कार्यदिवस से पूर्व तक अवकाश एवं आधिकारिक दौरों की सूचना आई.टी. शाखा को निम्न निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराएंगे–

**अवकाश प्रारूप**

| क्रम सं. | बेल्ट नं. | अधिकारी/कार्मिक नाम | कार्यालय/शाखा का नाम | अवकाश प्रकार | दिनांक | कुल दिवस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

**फील्ड ड्यूटी प्रारूप**

| क्रम स | बेल्ट नं. | अधिकारी/कार्मिक नाम | कार्यालय/शाखा का नाम | पद | आधिकारिक फील्ड ड्यूटी दिनांक | समय | स्थान | कार्य का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |

3. उपस्थिति विवरण प्राप्ति के पश्चात समस्त उपायुक्त/शाखा प्रभारी अपने कार्मिकों की उपस्थिति विवरण का सत्यापन कर विवरण उपायुक्त कार्मिक को उपलब्ध कराएगें, समस्त अधिकारी उक्त कार्य माह की 03 तारीख तक अथवा प्रथम कार्यदिवस जो भी पहले हो से पूर्व तक संपादित करेंगे।

Signature Not Verified

Digitally signed by Rukmani Riar
Designation : Commissioner
Date: 2025.04.16 17:46:11 IST
Reason: Approved

4. उपायुक्त कार्मिक वेतन निर्माण की शेष प्रक्रिया संपादित करवायेंगे।

**रूकमणी रियाड**
**IAS**
**आयुक्त**
**नगर निगम ग्रेटर जयपुर**

**प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ व पालनार्थ प्रेषित हैः–**

1. निजी सहायक, महापौर महोदया, नगर निगम ग्रेटर जयपुर।
2. अतिरिक्त आयुक्त, नगर निगम ग्रेटर जयपुर।
3. उपायुक्त कार्मिक, नगर निगम ग्रेटर जयपुर।
4. समस्त उपायुक्त , नगर निगम ग्रेटर जयपुर।
5. समस्त जोन उपायुक्त कार्यालय, नगर निगम ग्रेटर जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि अपने अधीनस्थ समस्त वार्ड प्रभारी को उक्त आदेश की पालना हेतु पाबंद करने का श्रम करें।
6. समस्त शाखा प्रभारी, कार्यालय नगर निगम ग्रेटर जयपुर।
7. समस्त मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक कार्यालय, नगर निगम ग्रेटर जयपुर।
8. एनालिस्ट कम प्रोग्रामर, नगर निगम ग्रेटर जयपुर।
9. रक्षित पत्रावली।

**आयुक्त**
**नगर निगम ग्रेटर जयपुर**

Signature Not Verified

Digitally signed by Rukmani Riar
Designation : Commissioner
Date: 2025.04.16 17:46:11 IST
Reason: Approved